हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 28 सितंबर2025

तापमान

अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

13 रामलीला में भरत मिलाप का मंचन सुन भावुक ...



14 15 साल का इंतजार खत्म आईएमटी तक पहुंचेंगी लारी



## खबर संक्षेप

### भगत सिंह के कथनों की प्रदर्शनी लगाई

**रोहतक।** युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाईजेशन (एआईडीवाईओ) की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह की 118वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में उनकी चुनिंदा कथनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर एक पर्चा भी वितरित किया गया। युवा नेता हरीश कुमार सैनी ने बताया कि आज मानसरोवर पार्क में भगतसिंह की जयंती के अवसर पर स्मृति सभा होने जा रही है। जिसकी तैयारी में नुक्कड़ मीटिंग करके सबको आमंत्रित किया जा रहा है। एआईडीवाईओ का मानना है कि आज देश में जब सामाजिक उदासीनता की भावना बहुत दूर तक घर कर गई है तो भगत सिंह सरीखे महान देशभक्त क्रान्तिकारियों के जीवन संघर्षों को जनमानस में ले जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

### वीसी निवास में घुसने को लेकर यूट्यूबर से पूछताछ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर प्रो. राजबीर सिंह के निवास में 20 सितंबर को छात्र जबररन घुस गए और उनके साथ एक यूट्यूबर भी था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यूट्यूबर को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया। हालांकि इस मामले में पहले दो लोगों को कोर्ट के आदेश पर छोड़ दिया गया था। जानकारी के अनुसार, एमडीयू के छात्र वाइस चांसलर के निवास स्थान में घुस गए और पौधों के गमलों को लेकर हंगामा किया। वीसी के घर में छात्रों ने गमले दिखाते हुए कई आरोप लगाए थे। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल की थी। पीजीआई थाना पुलिस ने यूटयूबर को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया। जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

### जाट महाविद्यालय में पौधरोपण किया



**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सुरमा स्मारक महाविद्यालय के प्रांगण में 120 फलदार, छायादार और सजावटी पौधे लगाकर प्रकृति से गहराई से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस पौधारोपण के कार्य का शुभारंभ दीनबंधु सर छोटू राम विचार मंच समिति के प्रधान दिनेश राठी और जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंच और संस्था के पदाधिकारियों का जाट कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ जोगेंद्र सिंह दहिया व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया।

### दिव्य योग मंदिर का 75 वां वार्षिकोत्सव कल

**रोहतक।** गोहाना अड्डा स्थित प्राचीन दिव्य योग मंदिर का 75वां वार्षिक उत्सव कल बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के योगाचार्य कार्तिकेय ने बताया कि यह उत्सव परम पूज्य ब्रह्मलीन योगाचार्य अशोक जी महाराज के चतुर्थ निर्वाण दिवस के उपलक्ष में मनाया जा रहा है।

## हेल्पलाइन 1930 पर रोज सैकड़ों कॉल दर्ज हो रही

# 9 महीने में 4600 से ज्यादा लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार 2515 मामलों का हुआ समाधान, शेष की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डिजिटल युग में जहां तकनीक ने लोगों के जीवन को आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराधियों ने इसी तकनीक को हथियार बनाकर आमजन को परेशान करना शुरू कर दिया है। जिले में पिछले 9 महीनों में ऑनलाइन ठगी के मामलों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 4600 से ज्यादा लोग विभिन्न तरीकों से ऑनलाइन ठगी का शिकार हो चुके हैं। इनमें से करीब 2515 मामलों में पुलिस ने जांच पूरी कर पीड़ितों को राहत दिलाई है, जबकि शेष मामलों में साइबर सेल की जांच जारी है।



### हर दिन आ रही हैं शिकायतें

जिले की साइबर पुलिस और हेल्पलाइन 1930 पर प्रतिदिन सैकड़ों कॉल दर्ज हो रही हैं। लोग कभी फर्जी लिंक पर क्लिक करने,तो कभी अज्ञात कॉल्स पर बैंक डिटेल साझा करने की वजह से ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस के अनुसार, औसतन हर महीने 500 से ज्यादा नए मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

### ठगों के नए-नए हथकंडे

साइबर ठग लगातार नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। कभी वे खुद को बैंक अधिकारी बताकर ओटीपी मांगते हैं, तो कभी बिजली बिल या केवाईसी अपडेट न होने की धमकी देकर डराते हैं। इसके अलावा नौकरी दिलाने का झांसा, इनाम की फर्जी सूचना और ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स भी ठगी के प्रमुख हथियार बने हुए हैं। कई मामलों में तो ठग नकली वेबसाइट बनाकर ग्राहकों से एडवांस पेमेंट मंगा लेते हैं और फिर वेबसाइट ही बंद कर देते हैं।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज का जवाब न दें। किसी भी स्थिति में बैंक डिटेल, एटीएम पिन या ओटीपी साझा न करें। ठगी का शिकार होते ही तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या पर शिकायत दर्ज कराएं।

### बचाव के 5 जरूरी टिप्स

- अनजान कॉल पर भरोसा न करें, कोई भी बैंक या सरकारी एजेंसी फोन पर ओटीपी या पासवर्ड नहीं मांगती।
- संदिग्ध लिंक से बचें, एसएमएस, ईमेल या व्हाट्सएप पर आए फर्जी लिंक पर क्लिक न करें।
- टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाएं, अपने बैंकिंग और सोशल मीडिया अकाउंट में अतिरिक्त सुरक्षा फीचर जरूर लगाएं।
- पासवर्ड बदलते रहें, समय-समय पर पासवर्ड बदलें और मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें।
- तुरंत शिकायत दर्ज करें, ठगी का शिकार होते ही तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या ऐप पर रिपोर्ट करें।

### जागरूकता ही बचाव



साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार सतर्कता है। लोगों को चाहिए कि वे संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान कॉल रिसीव करते समय सतर्क रहें और अपने बैंकिंग लेन-देन की जानकारी किसी के साथ साझा न करें। इसके अलावा नियमित रूप से पासवर्ड बदलना और दो-स्तरीय सुरक्षा का इस्तेमाल करना भी सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी है। पिछले 9 महीनों में करीब 4600 से ज्यादा लोग विभिन्न तरीकों से ऑनलाइन ठगी का शिकार हो चुके हैं। इनमें से करीब 2515 मामलों में पुलिस ने जांच पूरी कर पीड़ितों को राहत दिलाई है, जबकि शेष मामलों में साइबर सेल की जांच जारी है।
-नरेंद्र बिजारणिया, एसपी, रोहतक

**जल संकट :** जन स्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर ने किया दौरा, पार्षदों ने समस्याएं रखी

## अधिकारियों से मिलने के बाद भी पार्षद संतुष्ट नजर नहीं आए

# अधिकारी बोले-हमारे हाथ में जादू की छड़ी नहीं, धीरे-धीरे होगा समाधान

*चीफ इंजीनियर ने कई बूस्टरों सहित जलघरों का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड में पेयजल, गंदगी,सड़कों की खस्ता हाल और सीवरेज की समस्या अधिकारियों के सामने रखी।*

**» चीफ इंजीनियर ने अधिकारियों के साथ बूस्टरों सहित जलघरों का निरीक्षण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में इस समय जबरदस्त पेयजल किल्लत चल रही है। अधिकतर कॉलोनियों में एक समय ही सप्लाई हो रही है। एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में दूषित पेयजल सप्लाई जारी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता खुद कॉलोनियों में पानी की जांच कर चुके हैं। इसकी वजह से लोगों में बहुत रोष है। इन हालात में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के इंजीनियर इन चीफ देवेंद्र दहिया ने रोहतक का दौरा किया। उनके साथ निरीक्षण में उपायुक्त सचिन गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इंजीनियर इन चीफ ने कई बूस्टरों सहित जलघरों का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद कपिल नागपाल, डिंपल जैन और पार्षद कृष्णा उनसे मिले। पार्षदों ने अपने अपने वार्ड में पेयजल और सीवरेज की समस्या अधिकारियों के सामने रखी। लेकिन अधिकारियों का रवैया ऐसा था कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। धीरे धीरे समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अधिकारियों से मिलने के बाद भी पार्षद संतुष्ट नजर नहीं आए और क्षेत्र की समस्याओं के लिए चिंतित दिखाई दिए।



**रोहतक।** डीसी व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते जन स्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर।

### समस्याएं बताई गई

चीफ इंजीनियर से मुलाकात की गई। उन्हें अपने वार्ड में पीने के पानी की समस्या के बारे में बताया गया। सलारा मोहल्ला, पाड़ा मोहल्ला, अशोक नगर, साईदास कॉलोनी, संजय नगर में पीने के पानी की बहुत अधिक समस्या है। जहां पानी नहीं आ रहा, वहां प्राथमिकता से काम करेंगे। वह कई माह से अधिकारियों के सामने समस्याएं रख रहे हैं लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा। **-कपिल नागपाल,** पार्षद, वार्ड नम्बर 7

### पटेल नगर में गंदा पानी

शहर के पटेल नगर में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है, जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। इसके अलावा लाढ़ौत रोड पर कई दिन से पेयजल सप्लाई नहीं दी जा रही।

### 16 करोड़ से बदली जाएगी पाइपलाइन-

बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पेयजल व सीवर से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुरानी पेयजल पाइपलाइन बदलने के लिए साढ़े 16 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है, जिस पर जल्द काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों की आवश्यकता और समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और दिशा निर्देश जारी किए।

### जर्जर अवैध कनेक्शन हटाएं

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि विभाग अभियान चलाकर जर्जर हो चुके अवैध कनेक्शन को हटाने का काम करें। उन्होंने कहा कि ऐसे कनेक्शन की वजह से ही पानी में मिलावट होती है। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि नगर के जिस क्षेत्र से पेयजल व सीवर से संबंधित शिकायतें प्राप्त होती है वहां पर पूरा फोकस करके समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### सलारा मोहल्ला में भी बनेगा बूस्टर

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि रैनकपुरा में 2 करोड़ से भी अधिक की लागत से बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण होगा, जिसके लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा सलारा मोहल्ला में भी बूस्टिंग स्टेशन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू कैनल से लेकर प्रथम जल घर तक पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिस पर साढे 27 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत आएगी। बैठक में चीफ इंजीनियर अर्बन डीके सैनी, विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार व संजीव कुमार, तरुण गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बजरंग भवन से एलीवेटेड रेलवे ट्रैक तक सड़क निर्माण कार्य शुरू



**रोहतक।** सड़क निर्माण कार्य शुरू करने से पहले पूजा करते हुए मेयर रामअवतार वाल्मिकी और पूर्व मंत्रीमनीष ग्रोवर।

**रोहतक।** नगर निगम मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने शुक्रवार को बजरंग भवन से एलीवेटेड रेलवे ट्रैक तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, वार्ड सदस्य कंचन खुराना, अनीता मिगलानी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अशोक खुराना सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। शुभारंभ नारियल तोड़कर किया गया। इस परियोजना के पहले चरण में 460 मीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा, जिस पर लगभग 56 लाख रुपये की लागत आएगी। मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने कहा कि यह सड़क शहरवासियों के लिए महत्वपूर्ण है और इसे उच्च गुणवत्ता व तय समय में पूरा किया जाएगा। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि सड़क बनने से यातायात सुगमता बढ़ेगी, जाम से राहत मिलेगी और क्षेत्र में वाणिज्यिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम ने इसे शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम बताया।

*पटवारी ने फसलों की गिरदावरी की*

## उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बारिश से खराब हुई फसलों की जांच पड़ताल की



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फसलों की गिरदावरी के कार्य में पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने शनिवार को गांव बहु अकबरपुर, बहलबा, बल्ब व इस्माइल 9-बी के खेतों में जाकर क्षतिग्रस्त फसलों की जांच पड़ताल की। सचिन गुप्ता ने पटवारी के द्वारा की गई गिरदावरी के रिकॉर्ड को भी टैब पर मौके पर चेक किया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हुए बरसात में कृषि भूमि में जल भराव होने की वजह से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने इस नुकसान को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाया है। इसके उपरांत संबंधित पटवारी द्वारा इसकी गिरदावरी की गई है।

## राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय टैलेंट हंट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक में उड़ान नामक टैलेंट हंट प्रोग्राम का आयोजन प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह हुड्डा के दिशा निर्देशन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ जगबीर राठी पूर्व निर्देशक यूथ कल्याण एमडीयू रोहतक व समाज सेवी हरी प्रेम हुड्डा रहे। छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित नृत्य गीत, भजन आदि पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रोग्राम के दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। परिणाम इस प्रकार रहे



गीत भजन प्रतियोगिता में प्रिया लोक सालो में मुस्कान ग्रुप नृत्य में कुसुम नैना सीमा ड्यू डेट में मीनाक्षी पालचीन बॉलीवुड सालो में सौम्या रंगोली में निकिता और कार्टूनिंग में स्वीटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**जेनेटिक्स और रेयर डिजीज पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

# मधुमेह और कोरोनरी हार्ट डिजीज पर भी हो कार्यः कुलपति डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नियोनाटोलॉजी विभाग एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा सामूहिक रूप से रविवार को लेक्चर थिएटर वन में एक दिवसीय सीएमई का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था डिकोडिंग जेनेटिक्स इन क्लिनिकल प्रैक्टिस और आईएएमजी t3(परीक्षण करें,



उपचार करें और सिखाएं) इनीशिएटर प्रोग्राम। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ एच के अग्रवाल थे। डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि आज यहां जेनेटिक्स की फील्ड में काम कर रहे बड़े-बड़े साइंटिस्ट आए हैं और वह उन सभी का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी चाहती है कि रेयर जेनेटिक डिसऑर्डर पर कार्य हो। डॉ अग्रवाल ने कहा कि हमें सामान्य डिसऑर्डर पर भी कार्य करना चाहिए जैसे मधुमेह और कोरोनरी आर्टरी डिजीज बीमारी पर भी कार्य करना चाहिए क्योंकि इससे काफी जनता पीड़ित है।

**सियासत** अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होगा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव

## चुनाव से पहले एक पूर्व प्रधान का सवाल

# 30 साल में 30 दिन भी काम नहीं करने वाले का बताएं नाम, पाएं इनाम

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

आगामी 30 या 31 अक्टूबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के लिए मतदान हो सकता है। लेकिन कर्मचारियों ने अभी से ही नेताओं की तरह ही लिखना/बोलना अभी से शुरू कर दिया है। एमडीयू नॉन टीचिंग स्टॉफ वाट्सअप ग्रुप पर है। इस पर एक पूर्व प्रधान ने सवाल किया है कि कर्मचारी एक ऐसे कर्मी का नाम बताएं, जिसने अपनी 30 साल की सर्विस में एवरेज 30 दिन भी काम नहीं किया। जबकि वह यूनिवर्सिटी से करोड़ रुपये वेतन ले चुका है। सवाल करने वाले ने कहा कि दस सबसे पहले जवाब देने वाले कर्मियों को मेरी तरफ से इनाम दिया जाएगा। केवल तनख्वाह लेने वाला एम कर्मी कौन है, इसकी जानकारी हरेक कर्मचारी को है। ये कर्मचारी यूनियन में पदाधिकारी भी है। कर्मचारियों का व्यवहार चुनाव के दौरान नेताओं से किसी भी मायने में कमतर नहीं होता है। जिसको जहां मौका मिलता है, विरोधी की बखियां उधेड़कर रख देता है। अभी तो इलेक्शन में एक महीना है। चुनाव लड़े पदाधिकारी और उनके समर्थक अपने प्रचार के लिए कैसे नैतिकता की पटरी से उतरते हैं, ये देखते रहें।






### 5 में से 3 उम्मीदवार घोषित

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव के लिए पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इसमें पैनल की घोषणा की गई। सुरेश कौशिक को प्रधान, राजेश शर्मा को उप प्रधान, विजयपाल धनखड़ महा सचिव का चुनाव लड़ेंगे। बोहत ने कहा कि दो पदाधिकारियों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी। कुछ ही वोट के लिए बोहत से समर्थन लेने के लिए तीनों पैनल उनके यहां कई दिन से चक्कर काट रहे थे। बोहत अजमेर पैनल को एक व्यक्ति/ की वजह से ही समर्थन नहीं दे सकता था। विकास गिल को बोहत रणधीर कटारिया के कारण समर्थन नहीं दे सकता थे। क्योंकि बोहत और कटारिया का कई साल से राजनीतिक 36 का आंकड़ा है। बोहत बताते हैं कि एक चुनाव में कटारिया ने उन्हें दिखाने के लिए समर्थन कर दिया। लेकिन वोट और अंदरूनी स्पोर्ट किसी और कर दी। इस चुनाव से पहले मैंने कटारिया का खुला समर्थन किया तो वे प्रधान चुने गए, ये बोहत का कहना है। आखिर मामला है क्या ये तो कटारिया और बोहत ही सही-सही जानते हैं।

**जातिवाद हावीः** विश्वविद्यालय से बड़ा शिक्षण संस्थान और हो नहीं सकता। और अगर यहां भी जातिवाद का बोलबाला है तो इससे बड़ी विडंबना देश समाज के लिए और क्या होगी। चुनाव पूरी तरह से जाति आधारित लड़ा जाता है। तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाती हैं वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए। जातिवाद वे ज्यादा फैलाते हैं, जो कर्मचारी राजनीति में कमजोर दिखाई देते हैं। आसन चुनाव में तीन पैनल चुनाव लड़ेंगे। लेकिन अभी तक केवल एक पैनल के तीन उम्मीदवार घोषित किए गए। जबकि बाकि के दो पैनल में प्रधान के अलावा दूसरे पदाधिकारियों के नामों की घोषणा नहीं की गई थी। प्रत्याशी तय करते हुए ये देखा जाता है कि विरोधी पैनल किस जात के उम्मीदवार को कौनसे पद के लिए उम्मीदवार बनाया है।

### एक शिक्षक को खानी पड़ी थी मुंह

जातपात से केवल गैर शिक्षक कर्मचारी ही ग्रसित नहीं हैं, बल्कि शिक्षक वर्ग भी इससे अछूता नहीं है। कुछ ही साल पहले शिक्षक संघ के इलेक्शन में संघ में रहे पदाधिकारी ने एक जाति का अप्रत्यक्ष नाम लेकर पर्चे तक बांट दिए थे। पर्चे बांटने वाला शिक्षक यूआईईटी में इन दिनों एक ऊंचे पद पर कार्यरत हैं। ध्यान रहे कि उस चुनाव में पर्चे बांटने वाले को मुंह की खानी पड़ी थी। इन्होंने एक जात का नाम एक रंग करके पर्चे बांटे थे। जिसको लेकर टिप्पणी की गई थी, वे पर्चे बांटने वाले के खिलाफ रात-रात में ही लामबंद हुए और पर्चे बांटने वाले को पटखनी दे दी।

### खेल संपन्न, आधे कर्मचारी को नहीं चला पता

गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के वार्षिक खेलों में इस बार खेला कर दिया गया। 26 और आज शनिवार 27 सितंबर को खेल करवाए गए। आधे कर्मचारियों को तो ये तक पता नहीं चला कि खेल प्रतियोगिता करवाई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि भाग लेने वाले कर्मचारियों की संख्या न के बराबर थी। कुछ कैटेगरी में भाग लेने के लिए तो प्रतिभागी ढूढ़े भी नहीं मिल रहे थे। छुट्टी होने की वजह से कर्मचारी खेल मैदान तक पहुंच ही नहीं पाए।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

- स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट
- 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया
- निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल
- एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

**निवेश मंत्रा**

**बिजनेस डेस्क**

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

### क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

### 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

### रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।



### हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

### किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

### क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

### स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

- बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
- अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
- कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
- त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

**अलर्ट**

**विनोद कौशिक**

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

### बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

### कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

### स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

- कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न
- अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
- एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो
- जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
- फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

**तैयारी**

**बिजनेस डेस्क**

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना ज़रूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

### म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

### डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




### कहां निवेश करें?

- फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न
- लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

### यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

### कैसे करें निवेश?

- बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
- पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
- पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए आप उन लोगों या छोटे बिजनेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
- आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है।

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

**समझदारी**

**सुश्री विद्या अय्यर**

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

### एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



### एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

### विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मजबूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

### क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

### एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

### एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

### एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

1. **रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।
2. **जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।
3. **वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप

### भगत सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** जाट कॉलेज में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और महान क्रांतिकारी को पुष्प अर्पित कर नमन किया।
इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने छात्रों को कहा भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी का नाम नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा हैं जो युवाओं को संघर्ष और त्याग के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। हमें उनके सपनों के भारत का निर्माण करना होगा, जहां समानता, शिक्षा और न्याय सबको मिले।

### भजन पार्टियों ने बताई सरकार की योजनाएं

**रोहतक।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा जिला में शुरू किए गए विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत विभागीय सूचीबद्ध सांस्कृतिक व भजन पार्टियों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देना ताकि हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो सके। इस दौरान विभागीय सूचीबद्ध पार्टियों द्वारा गांव फरमाना, गूगाहेड़ी, मकडौली खुर्द, भैयापुर, लाढौत, पॉलंगी, धामड़, मसूदपुर में प्रचारी किया।

### स्टेट पेंशनर्स समाज ने ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** स्टेट पेंशनर्स समाज की राज्य कार्यकारिणी की बैठक सीनियर सिटीजन क्लब मानसरोवर पार्क में हुई। इस मीटिंग में सभी जिलों के राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। सर्वप्रथम राज्य कार्यकारिणी के संगठन सचिव जयभगवान शर्मा पानीपत के निधन व पेंशनर्स समाज के अन्य पेंशनर साथियों के निधन पर दो मिनट का मौन करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद संगठन की मांगों पर विचार करके सरकार से इन्हें पूरा करने की अपील की गई। मीटिंग में हिसार से राज्य सलाहकार भरत सिंह पूनिया, राज्य उप प्रधान राजेन्द्र सिंह नैन, रोहतक से राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा आदि रहे।

अतिथियों ने की श्रीराम की संगीतमय आरती, राम बारात रही आकर्षण का केंद्र

# रामलीला में भरत मिलाप का मंचन सुन भावुक हुए दर्शक, आंखों से छलके आंसू

**शुभारंभ प्रधान सुभाष तायल और राजीव जैन ने किया**

**हजारों की संख्या में दर्शक जुटे और दिव्य मंचन देखकर भाव-विभोर हो उठे**

**बाबा बालकपुरी के डेरे से गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीराम की बारात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री रामलीला उत्सव कमेटी रोहतक द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला में शनिवार को छठे दिन राम वनवास एवं भरत मिलाप का भव्य मंचन किया गया। यह आयोजन पुरानी आईटीआई ग्राउंड, सरकुलर रोड स्थित पंडाल में हुआ, जहां हजारों की संख्या में दर्शक जुटे और दिव्य मंचन देखकर भाव-विभोर हो उठे।

मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि इस अवसर पर विशेष अतिथियों में एलपीएस बोसार्ड रोहतक के एमडी राजेश जैन, एल्फा मिल्क फूड्स करनाल के एमडी विपिन गुप्ता, प्रकाश ग्रुप के डायरेक्टर विक्रम अग्रवाल, जीडीएस एक्सपोर्ट ट्रेड के मैनेजिंग पार्टनर गगन गोयल, जीडीएस एक्सपोर्ट ट्रेड के एमडी श्रीवत्स सिघानिया, केआरबीएल लि. के एक्सपोर्ट हैड अक्षय गुप्ता, डोमेस्टिक हैड आयुष गुप्ता, मैडीकेव हेल्थ इंश्योरेंस के रिषभ सराफ, एल्फा मिल्क फूड्स लि. के डायरेक्टर समर्थ गुप्ता सहित कई विशिष्ट गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने प्रधान सुभाष तायल व राजीव जैन के साथ मिलकर फीता काटकर किया। तत्पश्चात श्रीराम की संगीतमय महाआरती कर पंडाल में पुष्प वर्षा की गई। आयोजन में शहरवासियों की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।


रोहतक। पुरानी आईटीआई में श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में अतिथिगण को स्मृति चिन्ह प्रधान सुभाष तायल व अन्य।


रोहतक। पुरानी आईटीआई में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी व सदस्य शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपिन गोयल, गुलशन निझावन, अमर अरोड़ा, वरुण सिंगल, मनोज जिंदल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुरेंद्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, शीतल, विकास दलाल, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ा, वरुण शर्मा, नरेश शर्मा, राजन गुप्ता, दिनेश तायल, प्रेम गर्ग, संदीप गुप्ता, मनीष जैन, विकास कंसल, उमा गोयल, संतोष आदि रहे।



रोहतक। पुरानी अनाज मंडी में मंचन करते कलाकार।

**रामबारात से सजी महफिल**

आयोजन में बाबा बालकपुरी के डेरे से गाजे-बाजे के साथ निकली रामजी की बारात का स्वागत धूमधाम से किया गया। पंडाल में विवाह की सारी रस्में परंपरागत ढंग से निभाई गईं।

### मंचन में जीवंत हुए पौराणिक प्रसंग

कलाकारों द्वारा मंचित राम वनवास एवं भरत मिलाप का प्रसंग दर्शकों के लिए अत्यंत भावुक करने वाला रहा। कथा के अनुसार जब भरत को यह ज्ञात हुआ कि प्रभु श्रीराम लक्ष्मण व माता सीता के साथ चित्रकूट में रह रहे हैं, तो वे सैन्य दल व तीनों माताओं के साथ वहां पहुंचे। मंचन में लक्ष्मण का क्रोध, श्रीराम का धैर्य और भरत का भाई प्रेम इतनी सजीवता से दिखाया गया कि दर्शक भी अश्रुपूरित हो उठे।

### राम बनवास का मंचन, भावविभोर हुए दर्शक

रोहतक।श्री कृष्ण ड्रामेटिक क्लब पुरानी अनाज मंडी द्वारा आयोजित सम्पूर्ण रामायण एवं दशहरा महोत्सव के चौथे दिन 'राम बनवास' प्रसंग का मंचन किया गया। इ कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम भगवान की आरती से हुआ। इसअवसर जैन सभा के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी-उद्योगपति दीपक जैन, उनके भतीजे पंकज जैन, वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के पूर्व प्रधान एवं नगर निगम के पूर्व महापौर मनमोहन गोयल आदि रहे।

### श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में हुआ केवट संवाद

**रोहतक।** पुराना बस स्टैंड स्थित लोकल रामलीला ग्राउंड में श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में मंगलवार को केवट संवाद, दशरथ मरण और भरत मिलाप जैसे भावुक व शिक्षाप्रद प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों की जीवंत अदाकारी ने दर्शकों को रामायण काल की घटनाओं से रूबरू कराया। रामलीला मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजसेवी भारत भूषण गोयल, चंद्र गर्ग, दिनेश गुप्ता, नरेश गोयल और नमन गर्ग आदि रहे।

## खबर संक्षेप



### मां कात्यायनी की आराधना में लीन गोयनका के छात्र

**रोहतक।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि पर माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना एवं आराधना का आयोजन बड़े श्रद्धाभाव से किया गया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने देवी की महिमा का गुणगान करते हुए आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना और सान्या मायना ने अपने संदेश में कहा कि देवी कात्यायनी शक्ति, साहस और सुरक्षा का प्रतीक हैं। उनकी उपासना से विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास, साहस और दृढ़ता का विकास होता है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने विद्यार्थियों को देवी कात्यायनी के स्वरूप के बारे में बताते हुए कहा कि वे सिंह पर सवार होकर भक्तों को साहस और शक्ति का आशीर्वाद देती हैं। उनकी कृपा से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और कठिनाइयों का सामना करने की क्षमता मिलती है। सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने पौराणिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि देवी कात्यायनी ने महिषासुर का वध कर अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया। । पूरे आयोजन में छात्रों और शिक्षकों ने भक्ति भाव से भाग लिया। सभी ने मां कात्यायनी की कृपा व आशीर्वाद की कामना की।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में विद्यार्थियों ने मनोरंजनात्मक खेलों में दिखाया अनूठा जोश और प्रतिभा

रोहतक। जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल के परिसर में आयोजित रिक्रिएशनल गेम्स के दूसरे और अंतिम दिन का वातावरण ऊर्जा, उत्साह और उल्लास से भरपूर रहा। नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए टीम बिल्डिंग और मनोरंजनात्मक खेलों का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक जीवन में नई ताजगी भरना और उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना था। कलेक्टिंग मटेरियल फ्रॉम द रिंग्स, होला हूप, मूविंग अराउंड द चेयर्स, जिग-जैग म्यूजिकल चेयर्स, बैलेंस द बैलून एंड मूव, बैलेंस द कप, बाउंस एंड फ्रीज, पासिंग द बॉल, बैलेंस द पेंसिल, डॉग इन द बोन, ग्रैब द बॉटल, एप्पल-बनाना-ऑरेंज, लावा पिट, पास द बॉटल जैसे विविध खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि ऐसे मनोरंजनात्मक खेल विद्यार्थियों के लिए मानसिक व शारीरिक ताजगी का स्रोत बनते हैं। निदेशक सुरेंद्र मलिक ने विद्यालय परिवार और अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में उपप्राचार्या मशेनका, स्पोर्ट्स टीचर्स संदीप राठी, कृष्णा गिल, जयदीप सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# नई शिक्षा नीति में बदलाव चिंता का विषयः अनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा 'नीति के घेरे में शिक्षा, समाज एवं संविधान' पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता अनिता जानी मानी शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिता रामपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ है केवल अक्षर ज्ञान नहीं है, बल्कि नागरिक की बदहाली के कारणों को भी सामने लाया जाए। देश में चले साक्षरता अभियानों ने इस काम को बखूबी किया है। दूसरी और वर्तमान सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को बनाये 5 साल हो गए हैं। बहुत सारे लोग नई शिक्षा नीति की बहुत प्रशंसा करते हैं। असल में वे केवल लिखित अक्षरों को देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति का 2019 में जो ड्राफ्ट आया था, वो हैरान करने वाला था। केन्द्र सरकार ने रणनीति के तहत नई शिक्षा नीति का भारी-भरकम प्रारूप तैयार कर दिया, ताकि हर कोई उसे पढ़ न सके।



**बदलाव पर जताई चिंता**

अनिता रामपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत आठवी कक्षा की सामाजिक अध्ययन की किताब में जो बदलाव हुआ है यह गंभीर चिंता का विषय है। आजादी के बाद से हमारी शिक्षा नीति ऐसी रही है जो हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करती रही है। साथ ही इस बात पर भी जोर रहता था कि कक्षा में हर अध्यापक को सवाल उठाने चाहिए। लेकिन नई शिक्षा नीति ने सब कुछ बदल दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा के बजट को लगातार कम किया जा रहा है।

### कौशल प्रशिक्षण नवीनीकरण सर्टिफिकेशन प्रोग्राम हुआ

**रोहतक।** 26 और 27 सितम्बर को ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशन में नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी द्वारा आज पीएनबी आरसेटी खरावड़ में दो दिवसीय डोमेन स्किल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। सर्टिफिकेशन प्रोग्राम में विभिन्न जिलों से आए 85 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जो पूरे क्षेत्र में कौशल विकास पहल में व्यापक रुचि को दर्शाता है। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य डोमेन स्किल में अधिक कुशल प्रशिक्षकों को नामांकित करना था।




### जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में डीजे डांडिया नाइट

**रोहतक।** नवरात्रि पर रोहतक में उत्सव का माहौल चरम पर है। इसी कड़ी में जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, रोहतक में डीजे डांडिया नाइट का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह कार्यक्रम मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति का अनूठा संगम रहा। कार्यक्रम में शहरवासियों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। डीजे की आधुनिक धुनों और पारंपरिक डांडिया बीट्स का अद्भुत संगम माहौल को और भी रोमांचक बना गया। बाहर से आए मुख्य अतिथि कलाकार तरुण मौर और अमित वर्मा ने अपने गीतों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लाइव परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनामिका बलहारा ने कहा कि नवरात्रि जैसे त्योहार समाज में एकता और उत्साह का प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रा का आयोजन किया गया और सर्वोत्तम डांडिया जोड़ी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह डांडिया नाइट केवल नृत्य का उत्सव नहीं रही, बल्कि भक्ति, परंपरा और सामुदायिक एकता का एक यादगार अवसर बन गई।


रोहतक। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित चित्रकला स्पर्धा के प्रतिभागी।

**चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उकेरे भाव**

**रोहतक।** सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलानौर में शनिवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विकसित भारत, सामाजिक सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद अशोक रंगा, राजू फौजी, एसएचओ कलानौर और कश्मीरी सरपंच सहित अनेक अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, सेवा और राष्ट्र-निर्माण जैसे विषयों पर प्रभावशाली चित्र प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की मेहनत और लगन की सराहना की।कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया।करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करती हैं।

# पीएम मोदी का जन्मदिन सेवा और समर्पण को समर्पित : रणबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत भाजपा अग्रसेन मंडल की ओर से 'राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भिवानी चुंगी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका रहे। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान, स्वच्छता अभियान और पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

**पोस्टर मेकिंग में 10वीं का बिन्कू प्रथम रहा**



भाजपा जिला सह-मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा ने जानकारी दी कि जिले के 15 मंडलों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। अगले महीने प्रत्येक मंडल से चयनित 3 विजेताओं (कुल 75 प्रतिभागी) की प्रतियोगिता जिला स्तर पर होगी। इसके बाद विजयी प्रतिभागियों को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक भेजा जाएगा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 10वीं कक्षा के बिन्कू नें प्रथम, 12 की छात्रा प्राची नें द्वितीय एवं 8वीं के हेमंत ने तृतीय स्थान हासिल किया। जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका ने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी ने सेवा और समर्पण को राजनीति का मूल मंत्र बनाया है। **ये रहे मौजूद:** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जय भगवान सिंहमार, प्रिंसिपल दिलावर सिवाच, मंडल उपाध्यक्ष भारत चावला, सरोज हुड्डा, पदम सिंह ढुल, राजकुमार सुनारियां, अमित बंसल, अमित नीतू, पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र रोहिल्ला, रवि नागपाल, सुभाष जांगड़ा, रिंकू कपूर, वीना सिक्का, मीना इंदौरा, सुनिता यादव, अशोक फौजी, बलजीत अहलावत, पंकज जैन, नीनू कौशिक, अमृता दलाल, राजीव आदि उपस्थित रहे।

### राजनीतिक विज्ञान विभाग में फ्रैशर पार्टी का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग में एमए द्वितीय वर्ष के छात्रों के द्वारा एमए प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत में फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस फ्रैशर पार्टी का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्षा डॉ. ममता नरवाल ने छात्रों को उत्साहवर्धन भाषण के साथ संबोधित किया।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. ममता नरवाल ने एमए प्रथम वर्ष के छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनको मेहनत, अनुशासन और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति निरन्तर संघर्षशील रहते हुए दृढनिश्चयी होने के साथ-साथ ईमानदारी, सच्चाई एवं कर्मठता जैसे मानवीय मूल्यों का भी जिक्र अपने प्रभावी संबोधन में किया। इसके अलावा विभाग के सभी प्राध्यापकों के द्वारा भी अपने संबोधन में विधार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में 27 सितंबर को पौराणिक कथाओं से संबंधित एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पौराणिक कथाओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर न केवल अपना सामान्य ज्ञान प्रदर्शित किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी गहरी समझ भी प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में बच्चों के जोश और आत्मविश्वास ने वातावरण को और भी ऊर्जावान बना दिया। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में नैतिक मूल्यों की स्थापना करने और उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर स्कूल की निदेशका सुनीता अहलावत और प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रत्येक छात्र को हर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।



### स्कॉलर रोसरी स्कूल में भव्य भजन संध्या

**रोहतक।** नवरात्रि पर रोटरी क्लब की ओर से स्कॉलर रोसरी स्कूल, सोनीपत रोड, रोहतक में भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोहतक के विभिन्न रोटरी क्लबों, आईएमए, स्कॉलर रोसरी स्कूल और शहर के प्रमुख व्यक्तियों सहित 200 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मुख्य अतिथि राजेश जैन, क्लब पदाधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्वलन करने वालों में डॉ. एसएल वर्मा, डॉ. सुनील मुंजाल, डॉ. आरके चौधरी, एडवोकेट अमित गोयल, रॉबिन सचदेवा और अमित नागपाल शामिल रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रोमेश विग और डॉ. रवि गुगनानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में इस्कॉन दिल्ली व वृंदावन के नामरसा कीर्तन मंडली ने संकीर्तन प्रस्तुत किया।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर एक में हो रही राम कथा का पांचवां दिन

# प्रभु राम ने मनुष्य रूप में अवतार लेकर सामान्य जीवन जीयाः आचार्य कौशिक

**पंडाल में राम नाम भजन श्रीराम चौपाइयों को सुनकर झूमे श्रद्धालु**

- वृंदावन से आए कथा व्यास जी ने राम वनवास और प्रभु का केवट संवाद का सजीव वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शरदीय नवरात्रों के पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-1 में संगीयमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवे दिन श्रीधाम वृंदावन मथुरा से आए कथा व्यास आचार्य शिवम कौशिक ने मां के पांचवे स्वरुप देवी कात्यायनी का सभी भक्तों को स्मरण कराते हुए श्रीरामकथा की शुरुआत की। आचार्य शिवम ने सबसे पहले भगवान श्रीगणेश का पूजन कराकर और राम नाम कीर्तन से पंडाल को राम मय बना दिया। इस दौरान बच्चे, महिलाएं और बड़ी संख्या में लोग झूमते नजर आए। कथा वाचक कौशिक ने कहा कि आज का युग जिसे कलयुग कहा जाता है, स्वार्थ से भरा हुआ है। व्यक्ति एक दूसरे को नीचा दिखाने में अपने को बड़ा समझता है। भगवान के वनवास का विस्तार से प्रकरण सुनाते हुए कहते हैं कि आज भाई,भाई का नहीं होता पिता, पुत्र का नहीं होता और पुत्र भी पिता का नहीं होता। परंतु अयोध्या के राज्य में दशरथ नंदन प्रभु श्री राम जिन्होंने मनुष्य स्वरूप में अवतार लिया, अपना जीवन भी मनुष्य के समान ही व्यतीत किया। आचार्य ने कहा कि एक युवा जिसे दूसरे दिन प्रातः काल युवराज बनना है। उसने पिता की आज्ञा मानकर वन में जाना स्वीकार किया। यहां तक तो ठीक था, लेकिन वन में भरत आए, उन्होंने राजपाट राम जी को देने की बात की, रामजी ने मना कर दिया और कहा कि तुम ही अयोध्या का राज करो।





**विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**




**रोहतक।** पीजीआईएमएस के समुदाय चिकित्सा विभाग ने विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया था।कार्यक्रम की अध्यक्षता पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने की। विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम कुमार, यूनिट-2 की यूनिट हेड डॉ. मीना राजपूत, डॉ रमेश वर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रोफेसरडॉ वरुण अरोड़ा ने किया।वक्ताओं ने रेबीज से बचाव एवं जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. रमेश वर्मा ने कहा कि कुत्ते/जानवर के काटने या खरोंचने पर घाव को तुरंत बहते पानी से धोना चाहिए तथा किसी भी तरह का इरिटेट (मिर्च, मिट्टी, तेल आदि) घाव पर नहीं लगाना चाहिए।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- MRI Technician 2
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### महिलाओं को समझाया मोटे अनाज का महत्व

**रोहतक।** आठवें पोषण माह के तहत रोहतक अर्बन के प्रत्येक आंगनवाडी सेंटर मे निर्धारित एक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए हर आंगनवाडी सेंटर पर पोषण माह मनाया जा रहा है। इसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करवाई गई। कार्यक्रम में मोटे अनाज की थाली तैयार करके उन महिलाओं को मोटे अनाज की पोष्टिकता के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चे के 6 महीने पूरे होने पर उसे ऊपरी आहार देने के लिए अन्नप्राशन दिवस मनाया गया।



### कर्मचारियों को बांटे डिग्निटी कार्ड

**रोहतक।** जिले के सभी खंडों में हेल्थ चेकअप/ डिग्निटी कैंप लगाया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों, ट्यूबवेल ऑपरेटरों का हेल्थ चेकअप करवाया गया, ताकि इन कर्मचारियों में आत्मविश्वास की भावना जागे और ये अपने संबंधित क्षेत्र में और अधिक मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए उत्साहित हो। इन हेल्थ चेकअप/डिग्निटी कैंप में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की डीपीएम ने मौका निरीक्षण किया तथा सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटरों को डिग्निटी कार्ड बांटे। जिला रोहतक, खंड महम की ग्राम पंचायत सीसर खास की सरपंच अनुराधा सिंहमार को स्वच्छता के प्रति अच्छा काम करने के लिए उन्हें राज्य स्तर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार द्वारा सम्मानित किया गया।

## शहरवासियों के लिए खुशखबरी: रोजाना चार चक्कर लगाएंगी बसें

# 15 साल का इंतजार खत्म आईएमटी तक पहुंचेंगी लारी

**सुबह सात बजे और साढ़े सात बजे नए बस स्टैंड से होंगी रवाना**

- रोडवेज डिपो की तरफ से शुरू की गई दो इलेक्ट्रिक बसें
- शाम साढ़े पांच और छह बजे करेंगी वापसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

औद्योगिक क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े हजारों लोगों के लिए अब सफर आसान हो गया है। शुक्रवार 26 सितंबर से इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) से शहर के नए बस स्टैंड तक इलेक्ट्रिक बस सेवा का औपचारिक संचालन शुरू कर दिया गया। हालांकि करीब 15 साल से आईएमटी में बस सेवा का इंतजार चल रहा था।

अब शुरुआती दिन से ही यात्रियों को इस सेवा का लाभ मिलने लगा है। रोडवेज ने विशेष रूप से मजदूरों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समय-सारिणी तय की है, जिसके अनुसार बसें रोजाना चार चक्कर लगाएंगी। सुबह सात बजे और साढ़े सात बजे नए बस स्टैंड से बसें आईएमटी गेट नंबर-2 के लिए रवाना होंगी, जबकि शाम साढ़े पांच और छह बजे वापसी की बसें आईएमटी से शहर के लिए चलेंगी। यह शेड्यूल इस तरह बनाया गया है कि ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी और कक्षाओं में पहुंचने वाले विद्यार्थी दोनों ही आसानी से इसका लाभ उठा सकें। आईएमटी क्षेत्र में बड़ी संख्या में कारखाने और दफ्तर हैं, जहां रोजाना हजारों मजदूर और कर्मचारी काम करने आते हैं। इसके साथ ही बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी और एमएसएमई कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले सैकड़ों विद्यार्थी भी इसी रास्ते पर सफर करते हैं। अब तक उन्हें निजी वाहन या ऑटो-रिक्शा का सहारा लेना पड़ता था, जिससे खर्च और समय दोनों बढ़ जाते थे। नई इलेक्ट्रिक बसें न केवल सस्ती सुविधा देंगी बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी स्वच्छ विकल्प साबित होंगी। आईएमटी उद्योग कल्याण संघ और स्थानीय निवासियों की ओर से लंबे समय से बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई जा रही थी। संघ ने बार-बार विभाग को पत्र लिखकर कर्मचारियों और विद्यार्थियों की समस्या को उजागर किया था। अब उनकी मांग पूरी होने पर इलाके के लोगों में संतोष देखने को मिला। मजदूर संगठनों ने इसे राहत भरा कदम बताया है।

### अधिकतम किराया 30 रुपये होगा

इलेक्ट्रिक बस सेवा की खासियत यह है कि किराया दूरी के हिसाब से तय किया गया है। आईएमटी गेट से एमएसएमई तक सफर करने वाले यात्री 10 रुपये, एफडीडीआई और आईएमटी चौक तक 15 रुपये, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी तक 20 रुपये, दिल्ली बायपास तक 25 रुपये और शीला बायपास से लेकर नए बस स्टैंड तक अधिकतम 30 रुपये का भुगतान करेंगे। करीब 16 किलोमीटर लंबे इस रूट को इस तरह तय किया गया है कि बीच-बीच के प्रमुख संस्थान और उद्योग भी सीधे जुड़ जाएं।

### बढ़ेंगे फेरे

भविष्य में फेरे बढ़ाने की संभावना रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल चार फेरे प्रतिदिन निर्धारित किए गए हैं, लेकिन यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए आगे इसमें बढ़ोतरी की जाएगी। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार चल रहा है। इलेक्ट्रिक बसे चलने से शहर के लोगों को काफी राहत मिलेगी और समय की बचत होगी।

### यह होगा रूट

इलेक्ट्रिक बसें आईएमटी गेट नंबर-2 से शुरू होकर एमएसएमई, एशियन पेंट, एफडीडीआई, आईएमटी चौक, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, दिल्ली बायपास और शीला बायपास होते हुए सीधे नए बस स्टैंड तक पहुंचेंगी। इस दौरान प्रमुख औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्रों को जोड़ा गया है ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को लाभ मिले।




## एमडीएन स्कूल में ‘ग्रैंड पेरेंट्स डे’ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीएन पब्लिक स्कूल में शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस विशेष समारोह का शुभारंभ प्रबंधक रेनू नरवाल और प्रधानाचार्या मिस मीनू टहल्यानी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

चरण-वंदना, स्वागत-संवाद, सामूहिक गान और कक्षा-वार नृत्य-नाटिकाओं ने पूरे वातावरण को भावनाओं से सराबोर कर दिया। विशेष रूप से नर्सरी वर्ग के बालकों द्वारा दादा-दादी संग प्रस्तुत नृत्य और द्वितीय कक्षा की लघु नाटिका ने सभी के हृदयों को छू लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा रैम्प वॉक, जिसमें दादा-दादी अपने पोते-पोतियों के साथ मंच पर उतरे और गरिमामयी उपस्थिति से सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मिस मीनू टहल्यानी ने कहा कि दादा-दादी अनुभव, संस्कार और स्नेह की अनुपम निधि हैं। उनके सान्निध्य से बालक परंपराओं के प्रति आस्था और जीवन-मूल्यों के प्रति निष्ठा अर्जित करते हैं।

### पारंपरिक खेलों का आयोजन

वरिष्ठ जनों के एकल नृत्य और ‘ग्रैंड फिनाले’ में सामूहिक गीत-नृत्य ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत विद्यालय परिसर में रस्साकशी और पिट्ठू जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। इनमें वृद्धजनों और बच्चों की संयुक्त सहभागिता ने खेलों को और भी जीवंत बना दिया तथा दर्शकों के बीच उल्लास का माहौल पैदा कर दिया।

**जिलेभर में चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन**

## विकसित भारत की तस्वीर को विद्यार्थियों ने कागज पर उकेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जिले भर में 25 स्कूलों में चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विकसित भारत विषय पर आधारित देश को अपनी कलम से चित्रित कर नए भारत को उकेरने का काम किया।

कलानौर के कन्या वमावि में छात्राओं ने नशा मुक्त, अपराध मुक्त, राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत, आधुनिक तकनीक से सुसज्जित, प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करने वाला जिसमें जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती व सौर ऊर्जा के व्यापक इस्तेमाल के विचार के देश का चित्रण कर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में साक्षी,मानसी व भारती को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए विजेता घोषित किया गया जिन्हें भाजपा नेता डॉ अशोक रंगा, कलानौर नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजू फौजी, सीएम विंडो सदस्य गुलशन दुआ, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कौशिक ने सम्मानित किया।

### प्रतियोगिता भी सेवा पखवाड़े का अंग

डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से आरम्भ होकर 2अकटूबर गांधी जयंती तक देश भर में चलने वाले सेवा पखवाड़े में सेवा भाव के साथ रक्तदान शिविर, स्वछता अभियान व स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं तथा चित्रकला प्रतियोगिता भी सेवा पखवाड़े का ही एक अंग है। प्रतियोगिता में मंडल महामंत्री राकेश पांचाल, जिला सचिव कश्मीरी कलसन, पार्षद सन्नी कलानौर, पार्षद राजीव,काहनौर सरपंच प्रतिनिधि नवीन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल प्रिंसिपल देवेन्द्र कटारिया ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### तय मानकों के अनुसार फसल खरीदें: उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार फसल खरीद करें। उपायुक्त ने रोहतक अनाज मंडी में फसल खरीद कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। सचिन गुप्ता ने कहा कि खरीद एजेंसियों के पास पर्याप्त बारदाना, तिरपाल और नमी मापन यंत्र उपलब्ध होना चाहिए। डीसी ने कहा कि फसल उठान प्रक्रिया समय पर और सुचारू रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाजार का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये घोषित किया है।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रतीक श्योराण एवं दिशेंदर लांबा ने गोल्ड मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऋषिकुल विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में आयोजित एसजीएफआई टेनिस प्रतियोगिता में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में होनहार खिलाड़ी प्रतीक श्योराण एवं दिशेंदर लांबा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई एसजीएफआई खेलों के राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों विद्यार्थियों ने साबित कर दिया कि समर्पण, कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर उत्साह और गर्व का माहौल है। विद्यालय निदेशक राजेश सांगवान ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। प्राचार्या मनीषा सांगवान ने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण विद्यालय की खेल संस्कृति और विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता का परिणाम है। वहीं, स्कूल समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। विद्यालय के खेल शिक्षक विकास और उनकी टीम को भी विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया।



## डेंटल कॉलेज के छात्रों के लिए दो दिवसीय वर्कशॉप कनेक्शन

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ डेंटल साइंसेज द्वारा पहली बार पूरे प्रदेश के डेंटल कॉलेज के छात्रों हेतु दो दिवसीय वर्कशॉप कनेक्शन फॉर परफेक्शन 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को इस वर्कशाप के पहले दिन प्री वर्कशॉप और हैंडस ट्रेनिंग प्रदान की गई। रविवार को इस वर्कशाप का उद्घाटन कुलगुरू डॉ एच के अग्रवाल करेंगे। वर्कशॉप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने बताया कि हाल के दिनों में, दंत चिकित्सा पद्धति में लेज़र्स, सीबीसीटी, 3डी प्रिंटिंग, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के अनुप्रयोग के साथ एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। इसलिए, सभी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों के बारे में नवीनतम ज्ञान से अवगत रहना आवश्यक है।



### रोबोटिक्स दंत शल्य चिकित्सा में सटीकता और दक्षता बढ़ा रहा: डॉक्टर हरनीत सिंह

वर्कशॉप के आयोजक डॉक्टर हरनीत सिंह ने बताया कि सीबीसीटी (कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी) यह तकनीक दंत संरचनाओं की विस्तृत और त्रि-आयामी छवियाँ प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को सिखाया जाएगा की 3डी प्रिंटिंग के माध्यम से दंत प्रोस्थेटिक्स और सर्जिकल गाइड्स का निर्माण संभव हो गया है। डॉ हरनीत ने कहा कि व्याख्यान देने आए विशेषज्ञ बतायेंगे कि एआई दंत रोगों के निदान और उपचार योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रोबोटिक्स दंत शल्य चिकित्सा में सटीकता और दक्षता बढ़ा रहा है।

## गोहाना अड्डे से सुखपुरा चौक तक चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को गति देने के लिए नगर निगम की ओर से शनिवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देशन और विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक के नेतृत्व में गोहाना अड्डा से सुखपुरा चौक तक के क्षेत्र की गहन सफाई करवाई गई।अभियान में महा मंडलेश्वर अन्भुतानंद सूर्यवंशी और उनकी टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने स्वयं सफाई अभियान में हिस्सा लेकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। निगम आयुक्त ने कहा कि नगर निगम समय-समय पर ऐसे विशेष अभियान चलाता रहेगा ताकि रोहतक को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नागरिक निगम के साथ मिलकर सहयोग करें तो रोहतक स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श शहर बन सकता है। इस दौरान सफाई निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक संदीप राठी और सलाहकार सलील मेहता भी मौजूद रहे। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। विशेष अधिकारी प्रदीप कौशिक ने कहा कि अभियान के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों से संवाद किया गया।




## बीएमयू में चार को होगा आयुर्वेदाचार्य पूर्व छात्र मिलन समारोह

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, जो प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा के अद्वितीय संगम के लिए जाना जाता है, आगामी चार अक्टूबर को एक ऐतिहासिक अवसर का आयोजन करने जा रहा है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेद कॉलेज द्वारा आयुर्वेदाचार्य पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी के मार्गदर्शन और संरक्षण में संपन्न होगा।




### उत्तर भारत का प्रमुख आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थान

1958 में स्थापित श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेद कॉलेज उत्तर भारत के प्रमुख आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थानों में से एक है। इस संस्थान ने बीते सात दशकों में न केवल आयुर्वेद शिक्षा को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों को चिकित्सा सेवा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए तैयार भी किया है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके पूर्व छात्र आज देश-विदेश में चिकित्सक, शोधकर्ता, शिक्षक और प्रशासक के रूप में समाज और मानवता की सेवा कर रहे हैं। श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेद कॉलेज डीन डॉ. नीरज कुमार खरे ने बताया कि इस मिलन समारोह में संस्थान से आयुर्वेदाचार्य की उपाधि प्राप्त कर चुके पूर्व छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों के बीच आपसी संवाद को प्रगाढ़ बनाना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना और वर्तमान विद्यार्थियों को उनके प्रेरणादायी अनुभवों से लाभान्वित करना है। साथ ही समारोह में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की वर्तमान चुनौतियों, अनुसंधान की दिशा और वैश्विक स्तर पर इसकी बढ़ती संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**बैठक**

### भाजपा कार्यालय मंगल कमल में बैठक का आयोजन

## जनआकांक्षाओं को पूरा कर रही है नायब सरकार : कृष्ण बेदी

**बीएलए-1 और बीएलए-2 चुनाव आयोग और सरकार के लिए महत्वपूर्ण इकाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा की शनिवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में बीएलए-1 की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में संगठन की दृष्टि से सिरसा, डबवाली,फतेहाबाद, जींद, हिसार, हांसी, भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़ सहित 9 जिलों की 27 विधानसभाओं के सभी बीएलए वन बैठक में शामिल हुए।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने बैठक में वोटर लिस्ट की समीक्षा, हर बूथ की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के लिए बैठक में उपस्थित बीएलए वन कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये। बैठक में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर चंदेलिया, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज, संजय बल्हारा और सभी बीएलए वन उपस्थित रहे। बेदी ने बैठक में कहा कि वन-टू-वन कार्यकर्ताओं से मिलकर बूथवार लाइट, शौचालय, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी पता लगाया जाए और बीएलए-1 कार्यकर्ताओं ने मंत्री को अपनी-अपन विधानसभाओं की पूरी जानकारी दी। बैठक में कृष्ण बेदी ने कहा कि हमें चुनाव आयोग के साथ मिलकर पारदर्शिता से काम करना है। उन्होंने कहा कि हमें हर बूथ पर जाकर वोटर लिस्ट की समीक्षा भी करनी है। मतदाताओं का बूथों के हिसाब से वोटर लिस्ट में नाम है या नहीं है, मतदाता कहीं अन्य शहरों में जाकर बस गए हैं इसके बारे में भी पूरी जानकारी रखनी है। बेदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं जमीनी स्तर पर पार्टी का विस्तार करने के लिए बूथ स्तर की संरचना को मजबूत करें। उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर मज़बूत करने में बीएलए 1 और बीएलए 2 दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। कृष्ण बेदी ने कहा कि बीएलए-1 और बीएलए-2 चुनाव आयोग और सरकार के लिए महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति नीति और नायब सरकार के जो जनकल्याण के कार्य हैं उन्हें लोगों को अवगत कराना भी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

### संकल्प पत्र के 45 से अधिक वादे पूरे किए

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा नायब सरकार अब तक संकल्प पत्र के 45 से अधिक वादों को पूरा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। युवाओं को मैरिट के आधार पर हरियाणा सरकार में नौकरियां मिल रही है। बेदी ने मोदी सरकार के जीएसटी रिफार्म्स पर बैठक में बोलते हुए कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा रिफार्म है। मोदी सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफार्म्स से चीजें सस्ती हुई है और इनका लाभ समाज के हर वर्ग के साथ व्यापारियों व उद्योगपतियों को भी मिल रहा है। कृष्ण बेदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है। कांग्रेस अभी तक हरियाणा नेता प्रतिपक्ष भी नियुक्त नहीं कर पाई है। 100 वर्षों से अधिक पुरानी कांग्रेस पार्टी अब पतन की ओर बढ़ रही है।



## शहीद भगत सिंह के कदमों पर चलेंगे इनेलो से जुड़े युवा: मनजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में युवा नेता मनजीत कन्हेली के नेतृत्व में रक्तदान शिविर और कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में 35 युवाओं ने रक्तदान करके भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर युवा इनेलो नेता मनजीत कन्हेली ने कहा कि कन्हेली में लगाए गए शिविर में युवाओं का जोश देखने लायक था। पीजीआईएमएस से आई टीम ने रक्तदान करवाया और 35 यूनिट रक्त पीजीआई में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के लिए एकत्रित किया। मनजीत कन्हेली ने बताया कि युवाओं ने भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। कहा कि इनेलो और उससे जुड़े युवा भगत सिंह के दिखाए रास्ते पर चलेंगे। देश सेवा और मानव सेवा में सबसे आगे इनेलो का युवा खड़ा नजर आएगा। इनेलो नेता मनजीत कन्हेली ने कहा कि कानूनी सलाह के लिए सुप्रीम कोर्ट से अरुण सांगवान व मोहित गिरधर व हाई कोर्ट चंडीगढ़ से अरुण सांगवान वकीलों का एक पैनल शिविर में आया, क्योंकि 80 प्रतिशत लोग बेवजह व झूठ केसों में फंसे हुए हैं। ऐसे में लोगों को निःशुल्क कानूनी सलाह दी गई है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान रक्तदान कैंप के आयोजक धीरज मांडोथी, अजय हुड्डा, विशाल, भोम पहलवान कन्हेली, सोनू करोंथा, आलोक, उत्तम संदीप सुनारिया, गगन, लोकेश साहिल, जतिन, अनिल, प्रिंस विकास, भारत, नितिन कौशिक अवि आदि मौजूद रहे।